# कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

- संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पालीटेक्निक)–2021 की कम्प्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 31.08.2021 से 04.09.2021 को तीन पालियों में होगा।
- अभ्यर्थी jeecup.nic.in से डाउनलोड किये हुए प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा विवरण के अनुसार निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर दिये गये समय (परीक्षा प्रारम्भ होने के 90 मिनट पूर्व) पर पहुँचेगा।
- अभ्यर्थी अपने साथ कोविड–19 से बचाव हेतु आवश्यक वस्तुएं यथा– फेस मास्क, सैनिटाईजर इत्यादि ला सकेगा। बिना फेसमास्क के प्रवेश वर्जित है।
- अभ्यर्थी अपने साथ परीक्षा प्रवेश–पत्र, मूल पहचान–पत्र (आधार कार्ड/ड्राईविंग लाइसेन्स, वोटर आई0डी0 कार्ड/फोटोयुक्त पासबुक/अन्य सरकारी पहचान–पत्र) तथा एक काला/नीला पेन लेकर आयेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी अपने साथ कोई अन्य सामग्री जैसे–सादा/लिखित/छपा कागज, फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण आदि नहीं ला सकेगा।
- परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र एवं पहचान–पत्र प्रस्तुत करेगा। पहचान के उपरान्त अभ्यर्थी का "रजिस्ट्रेशन डेस्क" पर फोटो तथा बायोमैट्रिक प्राप्त कर कम्प्यूटर आवंटित किया जायेगा।
- प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करते समय यदि कोई त्रुटि, जैसे– नाम, माता/पिता का नाम, जन्मतिथि, कैटेगरी, सब कैटेगरी इत्यादि, हो गयी हो तो उसे रजिस्ट्रेशन डेस्क पर सूचित कर सुधार करा लें।
- अभ्यर्थी अपने आवंटित कम्प्यूटर पर ही बैठेगा, जिस पर अभ्यर्थी के विवरण जैसे– नाम, एप्लीकेशन नम्बर, परीक्षा ग्रुप तथा आवंटित सिस्टम का नम्बर प्रदर्शित होगा।
- अभ्यर्थी आवंटित कम्प्यूटर के माउस से लॉगिन के बटन पर क्लिक करके आगे बढ़ेंगे।
- अगली स्क्रीन पर अभ्यर्थी द्वारा उसके प्रवेश–पत्र पर अंकित पासवर्ड को कम्प्यूटर पर अंकित करेगा। पासवर्ड केवल स्क्रीन पर प्रदर्शित वर्चुअल कीबोर्ड और माउस के माध्यम से ही भरा जा सकेगा।
- पासवर्ड भरने के पश्चात स्क्रीन पर अभ्यर्थी के विवरण तथा फोटो, जो आवेदन–पत्र में भरा गया था, के साथ रजिस्ट्रेशन के समय परीक्षा केन्द्र पर ली गई फोटो भी प्रदर्शित होगी। अभ्यर्थी माउस से क्लिक करके अगली स्क्रीन पर जायेंगे।
- मुख्य परीक्षा से पूर्व स्क्रीन पर निर्देश प्रदर्शित होंगे। अभ्यर्थी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। इसके पश्चात अभ्यर्थी "I agree/मैं सहमत हूँ" बटन पर माउस से क्लिक करके अगली स्क्रीन पर जायेंगे।
- अगली स्क्रीन पर परीक्षा में उत्तर देने व चिन्हित करने में सहायक और प्रयुक्त होने वाले विभिन्न चिन्ह (सिम्बल) का विवरण दर्शाया जायेगा। अभ्यर्थी पेज पर दर्शायी गयी जानकारी का भली–भाँति अध्ययन कर लें, तत्पश्चात माउस से क्लिक करके अगली स्क्रीन पर जायें।

मुख्य परीक्षा शुरू होने से पूर्व अभ्यर्थी को "Pratice Test" की सुविधा उपलब्ध होगी। "Pratice Test" समाप्त होने के उपरान्त मुख्य वास्तविक परीक्षा प्रारम्भ होगी।

**Pratice Test** की प्रक्रिया

- अभ्यर्थी वास्तविक परीक्षा के शुरू होने से पहले "Pratice Test" के माध्यम से वास्तविक परीक्षा का पूर्वाभ्यास एवं कम्प्यूटर /प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा की जाँच कर सकेगा। इस कार्य हेतु "Pratice Test/ प्रैक्टिस टेस्ट" बटन पर माउस से क्लिक करके अभ्यर्थी अगली स्क्रीन पर जायेंगे।
- अगली स्क्रीन पर अभ्यर्थी अपने परीक्षा के उत्तर देने के माध्यम में अंग्रेजी या हिन्दी का विकल्प रेडियो बटन से चुन सकेंगे। अभ्यर्थी स्क्रीन के नीचे प्रदर्शित "Next" बटन पर क्लिक कर अगली स्क्रीन पर जायेंगे।
- इस टेस्ट स्क्रीन पर प्रश्न एवं उनके उत्तर विकल्प प्रदर्शित होंगे, जिन्हें अभ्यर्थी हल करेगा।
- प्रश्नों के उत्तर देने के पश्चात अभ्यर्थी "View Responses" बटन पर क्लिक करके अपने द्वारा दिये गये उत्तर देख सकेंगे तथा सत्यता की जाँच कर सकेंगे।
- अभ्यर्थी अपने द्वारा दिये गये उत्तरों के सत्यता की जाँच कर लें, तत्पश्चात "Continue" बटन पर क्लिक करें।
- इसके पश्चात अभ्यर्थी "I am satisfied" बटन पर क्लिक करेंगे।
- तत्पश्चात अभ्यर्थी "I agree" बटन पर क्लिक करेंगे।
- उक्त प्रक्रिया के पश्चात मुख्य पृष्ठ पुनः स्क्रीन पर प्रदर्शित होने लगेगा तथा अभ्यर्थी, केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा मुख्य वास्तविक परीक्षा के प्रारम्भ होने की सूचना मिलने की प्रतीक्षा करेगा।

मुख्य वास्तविक परीक्षा की प्रक्रिया :

- केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा परीक्षा के प्रारम्भ करने का संकेत मिलने पर अभ्यर्थी के स्क्रीन पर "Start Test" बटन प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी "Start Test" बटन पर क्लिक करके परीक्षा प्रारम्भ करेगा।
- मुख्य परीक्षा के प्रश्न एवं उनके उत्तर विकल्प के रूप में एक–एक कर अभ्यर्थी के स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे।
- अभ्यर्थी स्क्रीन पर प्रदर्शित रेडियो बटन को क्लिक कर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देगा।
- यदि अभ्यर्थी किसी चयनित उत्तर को चयन सूची से हटाना चाहता है तो रेडियो बटन पर पुनः क्लिक करेगा।
- अभ्यर्थी परीक्षा समाप्ति से पहले अचिन्हित उत्तर विकल्प को चयनित उत्तर में बदलने हेतु रेडियो बटन पर पुनः क्लिक करेंगे।
- स्क्रीन के दाहिने भाग के ऊपर के कोने पर परीक्षा के पूर्ण होने में अवशेष समय प्रदर्शित होगा। उसके नीचे अभ्यर्थी द्वारा अब तक हल किये प्रश्नों की संख्या प्रदर्शित होगी।
- स्क्रीन के निचले भाग पर तीन बटन स्थित होंगें, जिसमें अभ्यर्थी "Previous" बटन पर क्लिक कर पूर्व में हल किये गये प्रश्नों पर जा सकता है। "Mark for review" बटन से अभ्यर्थी उन प्रश्नों को चिन्हित कर सकता है, जिसका उत्तर वह बाद में पुनः अवलोकन कर बदलना चाहता है। "Next" बटन पर क्लिक कर अगले प्रश्न पर जा सकता है।

- स्क्रीन के नीचे भाग पर प्रदर्शित प्रश्न संख्या का रंग प्रश्नों की वर्तमान स्थिति को निम्नवत् दर्शाता है :–
  - अभ्यर्थी द्वारा हल किये गये प्रश्न हरे रंग में प्रदर्शित होंगे।
  - अभ्यर्थी द्वारा "Mark for review" चिन्हित किये गये प्रश्न लाल रंग में प्रदर्शित होंगे, जो हल नहीं किये गये हैं।
  - अभ्यर्थी द्वारा "Mark for review" चिन्हित किये गये प्रश्न का उत्तर देने पर लाल रंग में प्रदर्शित प्रश्न का रंग पीला हो जायेगा।
- अभ्यर्थी द्वारा स्क्रीन पर प्रदर्शित प्रश्नों के फॉण्ट के आकार को स्क्रीन के ऊपरी दाहिने कोने पर प्रदर्शित "A" को क्लिक कर बढ़ाया जा सकता है।
- परीक्षा के समाप्त होने के 15 मिनट पूर्व स्क्रीन के बाये निचले कोने पर चेतावनी दर्शायी जायेगी।
- परीक्षा के समाप्त होने के 10 मिनट पूर्व स्क्रीन पर द्वितीय चेतावनी दर्शायी जायेगी।
- परीक्षा के समाप्त होने के 5 मिनट पूर्व यदि अभ्यर्थी ने सभी प्रश्नों के उत्तर दे दिये तथा परीक्षा पूर्ण कर लिया है तो वह स्क्रीन पर नीचे प्रदर्शित "I have completed the test" बटन को क्लिक कर परीक्षा को समाप्त कर सकता है।
- अभ्यर्थी के लिए परीक्षा के अन्तिम क्षणों में स्क्रीन पर "Finish the test" का एक चेतावनी बटन तीन बार प्रदर्शित किया जायेगा। अभ्यर्थी परीक्षा के अन्तिम 50 सेकेण्ड तक पुनः "Go to test" बटन क्लिक कर अपने पूर्व में दिये गये उत्तर को परिवर्तित कर सकता है।
- अभ्यर्थी अगले स्क्रीन पर "Continue" बटन को क्लिक करके अपनी परीक्षा समाप्त कर सकता है।
- परीक्षा के समापन पर स्क्रीन के ऊपर "Thank you" पृष्ठ प्रदर्शित होगा।
- परीक्षा समाप्ति के पश्चात हॉल में उपस्थित परिनिरीक्षक अभ्यर्थी से रफ पेपर जमा करा लेंगे। इसके पश्चात अभ्यर्थी परीक्षा हाल छोड़ सकता है।
- परीक्षा केन्द्र से बाहर जाने के पूर्व अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा परिणाम एवं काउन्सिलिंग से सम्बन्धित नियमों की प्रति प्राप्त कर लें।
- प्रश्न व उनके विकल्पों को परीक्षाएं पूर्ण होने के उपरान्त चैलेन्ज के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा, जिन्हें निर्धारित शुल्क रू0 100/– जमा कर सुधार के लिए चैलेन्ज किया जा सकेगा।
- परीक्षा परिणाम की घोषणा से पूर्व विभिन्न पालियों में हुई परीक्षाओं में प्राप्त अंकों का नार्मलाईजेशन किया जायेगा। परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध नार्मलाईजेशन प्रक्रिया के अनुसार अन्तिम योग्यता सूची जारी कर सीट आवंटन काउन्सिलिंग प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी।

<u>परीक्षा सम्बन्धी समस्या हेतु :</u>

website : jeecup.nic.in

Email : upjee2021@gmail.com

Phone No. : 7829207426, 7829207346